हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 15 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

15 चालक की लापरवाही से बस पुलिया से गिरी...



15 बांदे पटवारी रिश्वत मामले में नया वीडियो ...



**स्मृति दिवस : विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर स्वतंत्रता की महत्ता को किया प्रतिपादित**

# विभाजन की विभीषिका से नई पीढ़ी को जागरूक करने भाजपा ने निकाली रैली और दिया देश प्रेम का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस 14 अगस्त के अवसर पर कांकेर शहर के पुराने बस स्टैंड में जहाँ विभाजन से संबंधित चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई, वही भाजपा कार्यलय कमल सदन में विभाजन की त्रासदी पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, इसके साथ ही रैली भी निकाली गई।

मुख्य वक्ता नवनियुक्त भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि 14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम इस विभीषिका में प्राण गंवाने वाले सभीजनों को मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत का विभाजन सिर्फ एक देश का विभाजन नहीं था, यह मानवीय इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी थी। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भारत की एकता और अखंडता को कैसे चोट पहुंचाई गई, यह उसकी भी याद दिलाता है। विभाजन का दंश झेलने वाली पीढ़ी ने जो वेदना व्यक्त की है, उसे वर्तमान और आने वाली पीढ़ियां कभी नहीं भूलेंगी। भारत विभाजन के दौरान लोगों का विस्थापन हुआ, लोग अपनों से बिछड़ गए। लोगों ने मजबूरी में जिस तरह पलायन किया, उसकी तस्वीरों को कोई नहीं भूल सकता है। यह दिवस हमें एकता और अखंडता की आवश्यकता व उसके लिए एकजुट रहने का सबक भी देता है। इतिहास में की गई गलतियों से जो देश और समाज सीख नहीं लेते हैं, उन्हें बहुत बड़े नुकसान उठाने पड़ते हैं। मुख्य वक्ता ने कहा कि इतिहास का यदि सही तरीके से मूल्यांकन किया जाए तो पता चलता है कि भारत का विभाजन कुछ राजनीतिक ताकतों के स्वार्थ को पूरा करने के लिए किया गया।






- संगोष्ठी का निकला सार, नई पीढ़ी को इतिहास बताना जरूरी
- शहर के मुख्य मार्ग पर निकाली रैली, कमल सदन में हुई संगोष्ठी

मुस्लिम लीग से लेकर जिन्ना को खुश करने के लिए यह सब कुछ हुआ । जिस स्वतंत्रता के लिए हमारे हजारों-लाखों वीर सेनानियों ने प्राणों का बलिदान दिया, क्या उन्हें भारत का विभाजन स्वीकार्य होता। 15 अगस्त 1947 को एक ओर जहां देश आजादी का जश्न मना रहा था, वहीं दूसरी ओर देश के विभाजन का दर्द भी हमें सहना पड़ा। विभाजन के दौरान 20 लाख गैर-मुसलमान पूर्वी बंगाल, जो बाद में पूर्वी पाकिस्तान बना, वहां से निकलकर पश्चिम बंगाल आए, भारत ने मानवता के कल्याण के नाम पर सभी को अपनाया। भारत ने कभी धर्म या मजहब के नाम पर किसी से भेदभाव नहीं किया, क्योंकि हम सर्वे भवन्तु सुखिनः और वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र को मानने वाले लोग हैं। अंत में यही अव्हान करते हुए मैं अपनी वाणी को विराम देना चाहूंगा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एक राष्ट्र के रूप में एकजुट रहने का संदेश देता है। यह दिवस हमें राष्ट्र विरोधी तत्वों से सावधान रहने का भी संदेश देता है। विकसित और अखंड भारत का स्वप्न तभी पूरा होगा। संगोष्ठी पश्चात भारी बारिश के बीच शहर के ऊपर नीचे रोड से पुराने बस स्टैंड तक मौन जुलूस निकाला गया, ततपश्चात भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने पुराने बस स्टैंड में विभाजन से संबंधित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आभार दिलीप जायसवाल ने किया।

## नई पीढ़ी को इतिहास बताना होगा

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि आने वाली नई पीढ़ी को विभाजन विभीषिका का इतिहास बताना जरूरी है। बांग्लादेश में हिन्दुओ को आज प्रताड़ति किया जा रहा है, हत्याएं की जा रही है। कश्मीर से 7 लाख हिन्दू विस्थापित हुए। भारत के हिन्दुओ के पास विश्व में और कौन सा देश है, जो अराजकता पर हिन्दुओ को शरण दे। भारत मे ऐसी शक्तियाँ काम कर रही है, जो भारत मे अराजकता फैलाना चाहते है। भारत के कुछ विपक्षी नेता भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े होते है।

## विभीषका में 10 लाख लोग मारे गए

नवनियुक्त भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया ने विभाजन विभीषिका पर बोलते हुए कहा कि 1950 में 20 लाख और गैर मुस्लमान पश्चिम बंगाल आए। दस लाख मुसलमान पश्चिम बंगाल से पूर्वी पाकिस्तान चले गए। इस विभीषिका 10 लाख से अधिक लोग मारे गए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि यह अवसर राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ जैसे राष्ट्रवादी संगठनों के द्वारा किए गए राहत कार्यों का भी याद करने का है। संघ के कार्यकर्ताओ ने विभाजन का दंश झेलने वाले लोगों के लिए राहत कार्य संचालित किया, वह दुनिया भर में प्रेरक है। नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता टेकेश्वर जैन ने मुस्लिम देशों में मुस्लिमो के प्रताड़ना पर बड़े बड़े ट्विट करने वाले देश के विपक्षी नेता बंगलादेश के हिन्दुओ की हत्याओं, प्रताड़ना पर मुह बन्द कर लेते है।

## कार्यक्रम में यह रहे शामिल

इस अवसर पर छग हस्तशिल्प विकास बोर्ड अध्यक्ष शालिनी राजपूत, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल राठौर, राजीव लोचन सिंह, हीरा मरकाम, राजा देवनानी, अनूप सिंह राठौर, निपेंद्र पटेल, पीयूष कश्यप, संजय सिन्हा, गिरधर यादव, दीपक खटवानी, राकेश शर्मा, नीलू तिवारी, धनेंद्र ठाकुर, पीयूष वलेचा एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**स्वतंत्रता दौड़ में विधायक, कलेक्टर, सीईओ भी हुए शामिल**




## स्वतंत्रता दौड़ में उमड़ा देशभक्तों का जोश, स्वतंत्रता उपहार नहीं जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 14 अगस्त प्रातः 8 बजे शासकीय नरहरदेव स्कूल के प्रांगण से जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएसएस, पीजी कॉलेज के विद्यार्थी, पूर्व सैनिक, पुलिस के जवान एवं नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागी तिरंगा हाथ में लिए देशभक्ति गीतों की धुन पर उत्साह और जोश के साथ दौड़ते नजर आए। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि स्वतंत्रता सिर्फ एक उपहार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखना, अनुशासन का पालन करना और समाज में आपसी सौहार्द्र और भाईचारे का वातावरण बनाना होगा, तभी हम अपने देश की तरक्की में प्रत्येक नागरिक की भूमिका साबित होगी। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा के प्रसार में भी सक्रिय भूमिका निभाएं। कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने कहा कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में स्वतंत्रता दौड़ हर वर्ष आयोजित की जाती है, ताकि नई पीढ़ी को स्वतंत्रता के महत्व और इसे हासिल करने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों का पुण्य स्मरण कराया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि हमारे पूर्वजों ने कठिन संघर्ष और बलिदान से हमें आज़ादी दिलाई है, उसे अक्षुण्ण रखते हुए अपने कार्य में ईमानदारी, मेहनत और निष्ठा रखनी चाहिए, ताकि देश-विदेश में जिले और प्रदेश का नाम रोशन हो। उन्होंने विद्यार्थियों से इस स्वतंत्रता दिवस पर संकल्प लेने का आव्हान किया कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाये और अनुशासन का पालन करते हुए देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाएं। स्वतंत्रता दौड़ शासकीय नरहरदेव स्कूल प्रांगण से प्रारंभ होकर गांधी चौक होते हुए पुनः विद्यालय प्रांगण पहुंचकर समाप्त हुई।

आयोजित स्वतंत्रता दौड़ में नगरपालिका के अध्यक्ष अरुण कौशिक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, एसडीएम कांकेर अरुण वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद सहित जिला खेल अधिकारी, पूर्व सैनिक, स्कूली बच्चे और आम नागरिक शामिल रहे।






समस्त क्षेत्रवासियों एवं प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
सुनाराम तेता
जनपद अध्यक्ष
भानुप्रतापपुर
ममता ठाकुर
सरपंच
गोमती जैन
रोजगार सहायक
अनिल पटेल
सचिव
हेमलाल साहू
उपसरपंच
पंचगण
दिनेश गुना
आपरेटर
अगनुराम
पंच
अजय नेताम
पंच
अनिता नेताम
पंच
अरुणा गावड़े
पंच
दिलेश्वरी बंजारा
पंच
दीपक वर्मा
पंच
कन्हैया
पंच
लता चौरे
पंच
मीना बघेल
पंच
रमेश कोर्राम
पंच
रमशीला जैन
पंच
संगीता नुरेटी
पंच
सुखचंद
पंच
सुरूजबाई
पंच
विनीत- ग्राम-पंचायत भानबेड़ा, जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर, जिला-कांकेर (छ.ग.)




ग्राम पंचायत, कच्चे
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती कांति हिड़को
सरपंच
श्री राजेश कुमार चिराम
उपसरपंच
श्री धनराज राम ठाकुर
सचिव
श्रीमती हेमलता जैन
पंच
श्री मत्तेश सिंग
पंच
श्रीमती मेनका कुल्हारे
पंच
श्रीमती मीना चालकी
पंच
श्रीमती मिथलेश मंडावी
पंच
श्रीमती रामेश्वर मंडावी
पंच
श्रीमती साखियों डारो
पंच
श्री सतीश डारो
पंच
श्रीमती सावित्री मंडावी
पंच
श्रीमती सेवड़ा पंड्रा
पंच
विनीत- समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत, कच्चे




समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
सारे हिन्दुस्तां
की बलिदान
गाथा गाएगा,
ये तिरंगा आसमां पर
शान से लहराएगा
विनीत
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
भानुप्रतापपुर के समस्त ठेकेदार




समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
-विनीत-
खण्ड शिक्षा अधिकारी
भानुप्रतापपुर, जिला-कांकेर (छ.ग.)


मा. अरूण साव
मा. भोजराज नाग
मा. विक्रम उसेंडी
मा. आशाराम नेताम
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा
हम बुलबुले हैं इसकी यह गुलसिता हमारा,
भारत माता की जय, वंदे मातरम।
मान. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मान. लक्ष्मी राजवाड़े
मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग
विनीत : एक शुभचिंतक, कांकेर


मा. अरूण साव
मा. भोजराज नाग
मा. विक्रम उसेंडी
मा. आशाराम नेताम
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
मैं मुल्क की हिफाजत करूँगा
ये मुल्क मेरी जान है, इसकी रक्षा के लिए
मेरा दिल और जां कुर्बान है...
वन्दे मातरम, जय हिन्द
मान. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मान. रामविचार नेताम
अजजा छ.ग. शासन
विनीत : एक शुभचिंतक, कांकेर


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
मा. नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
मा. शिवराज सिंह चौहान
कृषि मंत्री, भारत सरकार
मा. रामविचार नेताम
कृषि मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
विकसित कृषि संकल्प अभियान
नेशनल मिशन आन एडीबल आयल
आयल पाम
की लाभकारी खेती
प्रति हेक्टे आय 2.50 लाख से 3.00 लाख प्रति वर्ष
आयल पाम योजना
रोपण की जाने वाली किस्म - टेनेरा
रोपण हेतु प्रति हेक्टेयर पौधों की संख्या - 143 पौधे (9x9x9)
रोपण के लिए प्रति हेक्टे. अनुमानित लागत - 3.90 से 4.00 लाख (फेसिंग, बोरवेल, पौध रोपण, रखरखाव, अंतरवर्तीय फसल आदि सम्मिलित)
भारत सरकार से अनुदान - लगभग 1.00 लाख
राज्य सरकार से अतिरिक्त अनुदान - लगभग 1.00 लाख
अनुदान के अतिरिक्त शेष राशि की व्यवस्था - आवश्यकता अनुसार बैंक ऋण की सुविधा उपलब्ध है।
प्रति हेक्टेयर अनुमानित उत्पादन - 15-20 टन
प्रति हेक्टेयर अनुमानित आय - 2.50 लाख से 3.00 लाख प्रति वर्ष एवं पौधों से आय 25-30 वर्ष तक प्राप्त होगी।
विपणन व्यवस्था - सुनिश्चित बाजार व्यवस्था उपलब्ध। भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य - 14.49 रू. प्रति कि.ग्रा. वर्तमान वास्तविक मूल्य - 18.42 रू. प्रति कि.ग्रा.। अनुबंधित संस्थाओं द्वारा शतप्रतिशत उत्पादन का क्रय।
विनीत :- उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी कांकेर













संकलनकर्ता:- प्रवण मंडल, हरिभूमि संवाददाता पखांजुर, मो.: 9406404179


15 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
मा. भरत मटियारा
अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड
छ.ग. शासन
विनीत : एक शुभचिंतक, कांकेर


मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
15 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. विजय शर्मा
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
विनीत : पीएमजीएसवाय कांकेर के समस्त ठेकेदार


15 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सारे जहाँ से अच्छा,
हिन्दोस्तां हमारा
हम बुलबुलें हैं इसकी,
यह गुलिसतां हमारा
सियाराम कोसमा
सरपंच
रेखा साहू
उपसरपंच
भीकम शोरी
पंच
सभापति विकास एवं निर्माण समिति
तुकाराम कोटपरिहा
पंच
ईश्वर फरदिया
पंच
फरस नेताम
पंच
प्रीमा नेताम
पंच
स्मृति शर्मा
सचिव
अनिता मंडावी
पंच
भुवनेश्वरी कृषान
पंच
रेखा मरकाम
पंच
प्रमीला भोयर
पंच
पलटू भोयर
पंच
विनीत : ग्राम पंचायत मावलीपारा, नरहरपुर


समस्त जिलेवासियों को
ऐ मेरे वतन के लोगों तुम खूब लगा लो नारा,
ये शुभ दिन है हम सब का लहरा लो तिरंगा प्यारा,
पर मत भूलो सीमा पर वीरों ने है प्राण गँवाए,
कुछ याद उन्हें भी कर लो जो लौट के घर न आये।
15 अगस्त
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
विनीत : एक शुभचिंतक, कांकेर

## खबर संक्षेप



### अंचल में हर्षोल्लास से मनाएंगे स्वतंत्रता दिवस

**दुर्गूकोंदल।** आजादी की 79 वां स्वतंत्रता दिवस आज विकासखंड मुख्यालय दुर्गूकोंदल सहित पूरे अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसकी तैयारी एक दिन पूर्व सभी शासकीय कार्यालय समस्त शैक्षणिक संस्थाओं, ग्राम पंचायतों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में की गई। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थाओं में प्रतियोगिता, खेलकूद एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### डूबने से बुजुर्ग की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत राजपुर निवासी 55 वर्षीय फागुराम कावड़े का डूबने के कारण मौत हो गया। राजपुर निवासी 19 वर्षीय रोहत सलाम पिता देवजी सलाम ने पुलिस को बताया कि 12 से 13 अगस्त के बीच मृतक की मौत तालाब में डूबने से हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### शराब रखने व पीने की सुविधा देने वाले 3 आरोपियों पर की कार्रवाई



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम तुड़गे स्कूलपारा में छापामार कार्यवाही करते हुए 13 अगस्त को शाम 6 बजें पुलिस ने आरोपी तुड़गे निवासी 38 वर्षीय जगेसिंह नेताम पिता कलीराम नेताम को पकड़ा। आरोपी जगेसिंह नेताम अपने घर सामने गली किनारे कुछ लोगों को शराब पीने के लिए संसाधन मुहैया उपलब्ध कराकर लोगों को शराब पिला रहा है कि जानकारी पुलिस को मुखबिर से मिला था। मामले की तस्दीक कर पुलिस ने कार्यवाई किया और आरोपी को पकड़ा, जिसके कब्जे से एक सफेद रंग की 1 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक पानी बॉटल में भरी हुई देशी महुआ शराब लगभग 90 एमएल कीमती करीबन 50 रूपएं एवं 2 नग प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास को जप्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। नरहरपुर पुलिस ने 13 अगस्त को दोपहर करीबन ढाई बजे छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी अमोड़ा निवासी 57 वर्षीय सरजू राम सुरोजिया पिता नारायण के कब्जे से 12 नग अंग्रेजी शराब प्रत्येक कीमती 1 हजार 440 रूपएं, नगद 200 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। कांकेर थानांतर्गत अन्नपूर्णापारा बर्फ फैक्टरी के पास पुसवाड़ा निवासी परमानंद साहू के कब्जे से 13 अगस्त को दोपहर 12 बजें 18 पौवा शराब कीमती एक हजार चार सौ चालिस रूपएं व नगद सौ रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### शिक्षक-शिक्षिकाएं, एनसीसी और एनएसएस के विद्यार्थियों की उपस्थिति में महौल देशप्रेम से भरपूर हुआ

# भानुप्रतापपुर में छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा एवं भारता माता के जयकारे लगाए










हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय भानुप्रतापपुर में प्राचार्य पीआर भारद्वाज के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने नगर में भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा में एसडीएम गंगाधर वाहिले और अशोक ठाकुर भी शामिल हुए। तिरंगा यात्रा विद्यालय से मुख्य चौक तक निकला। यह काफिला देशभक्ति के जोश से सराबोर था, जो लोगों को एक सूत्र में बांधने, मातृभूमि की रक्षा के संकल्प और तिरंगे के सम्मान का संदेश दे रहा था। भारत माता की जयकारों से गूंजते इस जुलूस ने राहगीरों को गर्व और उत्साह से भर दिया। इस गौरवमयी यात्रा में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, एनसीसी और एनएसएस के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

### हाई स्कूल भानबेड़ा से निकाली गई तिरंगा यात्रा

**भानुप्रतापपुर।** हाई स्कूल प्रांगण भानबेड़ा से घर घर तिरंगा, हर घर तिरंगा यात्रा रैली रूप में स्कूल के बच्चों के साथ निकाला गया। यात्रा गांव के विभिन्न वार्डो से होकर वापस हाई स्कूल प्रांगण पहुंची। इस रैली में ग्राम पंचायत भानबेड़ा की सरपंच ममता ठाकुर एवं स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, उप सरपंच खेमलाल साहू, भागबली जैन, ग्राम पटेल दुर्योधन सिंह ठाकुर, राजेंद्र जैन, कन्हैया कुंजाम, देवेंद्र बंजारा, स्कूल के शिक्षक , वार्ड पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व स्वच्छता कचरा अभियान की महिलाएं उपस्थिति रही। ग्राम पंचायत भानबेड़ा के द्वारा सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति का शपथ दिलाया गया।

### हाथों में तिरंगा और मन में जोश के साथ निकाली तिरंगा बाइक रैली

**दुर्गूकोंदल।** घर घर तिरंगा, हर घर तिरंगा अभियान के तहत ग्राम पंचायत राऊरवाही में गुरुवार को तिरंगा बाईक रैली निकाली गई। आश्रित ग्राम राऊरवाही, महेंद्रपुर, सटेली के बाईक सवार युवक हाथों में तिरंगा तथा मन में जोश और उत्साह के साथ तिरंगा बाईक रैली में शामिल हुए। गांव की विभिन्न गलियों से गुजरते हुए भारत माता की जय व वन्देमातरम की जोश भरी जयकारे साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। रैली की अगुवाई कर रहे जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा हमें अपनी आने वाली पीढ़ी और युवाओं को आजादी का महत्व बताना चाहिए। पूरा देश आजादी का अमृत काल मना रहा है। यह तिरंगा हमारे देश के मान, सम्मान और गौरव का प्रतीक है। हम सभी को इस झंडे को किसी भी कीमत पर झुकने नहीं देना चाहिए। हमें अपने देश के उन जवानों और शहीदों को भी नमन करना चाहिए, जो सजगता के साथ सीमा पर डटे हैं। इस मौके पर सरपंच बलराम टेपरिया, नरेश कोमरा, भारत निषाद, कृष्णा पटेल, मनीष नरेटी, रविंद्र जैन व अन्य लोग उपस्थित रहें।

### तिरंगा यात्रा निकालकर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**दुर्गूकोंदल।** हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के तहत बरगांव से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा की शुरुआत शहीद स्व. तिजाऊराम भुआर्य के स्मृति पटल में माल्यार्पण कर उनके परिवार को तिरंगा, श्रीफल और साल भेंट एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। तिरंगा यात्रा में ग्रामीण, छात्र-छात्राएं एवं आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा गांव की विभिन्न गलियों से गुजरते हुए भारत माता की जय व वन्देमातरम की जयकारों की गुंज के साथ हाटकोंदल पहुंची। हाटकोंदल के शहीद चौंक में तिरंगा यात्रियों का स्वागत किया गया और अटल चौंक में हाटकोंदल के समस्त जननायकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच हरिषा मंडावी, टिकेश्वरलाल जैन, रघुनाथ मंडावी, देवेंद्र टेकाम, विकासराजू नायक, पीलम नरेटी, अशोक जैन व ग्रामीण उपस्थित रहें।

### कलेपरस के छात्रों ने निकली तिरंगा यात्रा



**कांकेर।** विकासखंडअंतागढ़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलेपरस में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें शाला के समस्त व्याख्याता, शिक्षक उपस्थित रहे। शाला की प्रभारी प्राचार्या निर्मला सिन्हा के नेतृत्व में गांव में तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। रैली में शाला के बच्चों ने नारा लगाया और स्वतंत्रता दिवस के प्रति उनके उत्साह को शाला के शिक्षकों ने प्रोत्साहन दिया। रैली में शाला के शिक्षक सुकदेव साहू, मनीषा, किरन ठाकुर, विजय वर्मा, गंगोत्री मार्कण्डेय, विजेंद्र सोनवानी, क्षमा उईके, शिखर सोनी, योगेश साहू, प्रदीप सेन, अजय ठाकुर, हिरेंद्र साहू उपस्थित रहे।

### तिरंगा रैली के माध्यम से जगाई राष्ट्रभक्ति



**दुर्गूकोंदल।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शाउमावि कोण्डे में विद्यार्थियों ने राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना जागृत करने के लिए भव्य तिरंगा रैली निकाली। रैली का शुभारंभ विद्यालय परिसर से हुआ, जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने हाथों में तिरंगा ध्वज लेकर देशभक्ति के नारों के साथ गाँव के मुख्य मार्गों पर रैली निकाली। इस दौरान दे मातरम, भारत माता की जय और जय हिंद हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा हम सबने यह ठाना है, हर घर तिरंगा फैहराना है, तिरंगे कि शान, भारत देश महान, आई लव इंडिया के नारे गूंजते रहे। सांस्था के प्राचार्य ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारी स्वतंत्रता, एकता और गौरव का प्रतीक है। विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे देश की प्रगति और अखंडता के लिए सदैव समर्पित रहें। रैली के सफल आयोजन में राधेलाल समरथ, पुनीत पिस्दा, यशोदा केशरिया, हेमेश्वरी ठाकुर, रविंद्र सलाम, लेखराम टांडिया, चूरामण मांझी, महेश्वर सिन्हा, राजेश कुर्रे, धरमेंद्र साहु, दिलपति डोंगरे, रविन्द्र कुलदीप, सदाराम कोरेटी, सत्येन्द्र कोमा, थनेन्द्र बहादुर, निकिता मंडावी व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### 33वीं वाहिनी सशस्त्र बल केवटी ने राष्ट्रीय ध्वज का किया वितरण



**भानुप्रतापपुर।** हर घर तिरंगा अभियान भारत सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर वर्ष 2022 में प्रारंभ किया गया था। इसका उद्देश्य देश के नगारिकों में देश भक्ति की भावना को प्रबल करना और नागरिकों को अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिये और तिरंगे के साथ एक व्यक्तिगत और भावनात्मक जुडाव बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। भारत देश 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। इस अवसर पर पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसीक्रम में 33वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केवटी के द्वारा 14 अगस्त को शाउमा विद्यालय भीरागॉव एवं शापूर्वमाशा भीरागाँव में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत स्कूली छात्रों को राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया गया और एक सेल्फी लेकर उसे अपलोड करने का आग्रह किया गया और साथ ही छात्रों एवं नागरिकों में देश भक्ति की भावना को प्रबल करने और अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिये प्रोत्साहित किया।



### सुरेली में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता रैली निकाली

**कांकेर।** विकासखंड कांकेर अंतर्गत ग्राम सुरेली में जल जीवन मिशन के तहत हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। यह अभियान 15 अगस्त तक जिलेभर में संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम सरेली के विद्यालय के शिक्षकगण, बड़ी संख्या में विद्यार्थी, ग्रामीणजन और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम न केवल स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया, बल्कि स्वतंत्रता दिवस की भावना को भी सशक्त रूप में प्रस्तुत किया है। अभियान के अंतर्गत पूरे सप्ताह ग्राम में विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, और सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिससे ग्रामीणों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

## पहाड़ी गांव तरान्दुल में हर-घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



वनांचल पहाड़ी पर स्थित शासकीय उच्चतर विद्यालय तरान्दुल में राज्य शासन एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन में घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन वृहद रूप से किया गया, जिसमें संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाए, पंचायत प्रतिनिधि व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीआर चुरेंद्र, विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सदेसिंह कोमरे, ग्राम सरपंच संगीता गोटा की गरिमामय उपस्थिति एवं संस्था प्राचार्य चंद्रकांत साहू की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम वृहद रूप देते हुए हर घर तिरंगा रैली के साथ संकुल स्तरीय न्योता भोज, कक्षा दसवीं एवं 12वी के छात्र छात्राओं को परीक्षा के भय को दूर करने एवं बोर्ड परीक्षा की तैयारी कैसे करें कि संबंध में मोटिवेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी कोमरे ने कहा कि सफलता का आनंद तभी होता है जब उसे पाने के लिए संघर्ष किया हो और कई बार असफलता मिली हो। कई बार की असफलता न केवल सफलता की अहमियत समझाती है, बल्कि हर स्थिति के लिए तैयार भी करती है। बोर्ड परीक्षा कक्षा आठवीं 10वीं और 12वीं के छात्र छात्राओं को उन्होंने समय प्रबंधन, समय सारणी, परीक्षा के भय को दूर करना, तनाव को दूर करना, लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करना, कार्ययोजना बनाकर पढ़ाई करना जैसे बिंदुओं पर ध्यानाकर्षित करते हुए विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया, जिससे बच्चों में एक अलग सा उत्साह नजर आ रहा था। मुख्य अतिथि के द्वारा विद्यार्थी में कौन- कौन से गुण होने चाहिए पढ़ाई के लिए कितना समय दिया जाता है जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बच्चों से व्यक्तिगत चर्चा किया गया। लखन जुर्री ने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने और पहाड़ी इलाकों के बच्चों को मेरिट आने के लिए मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम में शिक्षा सत्र 2024- 25 में 5 वीं, 8 वीं, 10वीं में मेरिट में आए छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। तिरंगा रैली के से पूरे गांव का माहौल तिरंगा मय बन गया। कार्यक्रम के अंत में नेवता भोजन का आयोजन किया गया था।

इस अवसर पर ग्राम पटेल देवीसिंह गोटा, शिवप्रसाद गोटा, संकुल समन्वयक धर्मेंद्र नायक, व्याख्याता देवनाथ कोरेटी, विष्णु जुर्री, राजेंद्र रावटे, प्रदीप कुमार सेन, प्रवीण कुमार कोर्राम, कुसुमलता रंगारे, ठाकुर राम कुल्हारे, नासिर मोहम्मद, चंद्रकांत हिरवानी, धर्मेन्द्र नायक, देवलाल मानकर, मोहनलाल नाग , योनेद्र सिंह कौमार्य, डिकेश साहू, एवन देवांगन, भरत शर्मा, गंगदेव कांगे, डेमन लाल साहू, आधार सिंह दुग्गा, उपस्थित रहे।

## आजादी के जननायकों को श्रद्धांजलि देने तिरंग लेकर निकाली शानदार बाइक रैली



**दुर्गूकोंदल।** हाटकोंदल के समस्त जननायकों के श्रद्धांजलि एवं बरपारा के शहीद स्व. तिजाउ भुआर्या जी के छायाचित्र में माल्यार्पण कर उनके परिवार को तिरंगा,श्रीफल और शाल भेंट एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। हाटकोंदल के शाहिद गेंद सिंह चौक में तिरंगा यात्रियों को स्वागत किया गया और अटल चौक में समस्त शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया हर घर तिरंगा अभियान के तहत बरगाव हाटकोंदल से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा की शुरुआत स्वतंत्रता संग्राम कर्मस्थली स्मृति परिवार को तिरंगा, श्रीफल और शाल भेंट एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। मुख्य चौक में तिरंगा यात्रियों को स्वागत किया गया और अटल चौक में समस्त शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच हरीश मंडावी, टिकेश्वर लाल जैन, रघुनाथ मंडावी, देवेंद्र टेकाम, विकास राजू नायक आदि शामिल रहे रैली में शामिल हुए। गांव की विभिन्न गलियों से होकर तिरंगा यात्रा निकाली गई।

**बरगांव में चलाया गया सफाई अभियान :** स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्राम बरगांव हाटकोंदल में सफाई अभियान चलाया। अभियान के तहत सभी वार्डों की गलियों और नालियों की सफाई करने की जानकारी दी लक्ष्मी बाई रावटे ने कहा कि सफाई अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करना है। लोगों की भागीदारी से ही नगर को गंदगी से मुक्त किया जा सकता है। नगर के विभिन्न वार्डों में सफाई कर लोगों को अभियान के साथ जोड़ा जाएगा उन्होंने कहा कि सफाई हमारे स्वस्थ्य का आधार स्तंभ है। घरों आसपास नियमित रूप से सफाई करने से बिमारियां नहीं फैलती हैं। लोगों को कचरा सड़क अथवा गली में डालने के स्थान पर डस्टबीन में एकत्रित करना चाहिए आसपास सफाई रहेगी तो हम सभी स्वस्थ रहेंगे।

**ग्राम पंचायत की टीम ने निकाली तिरंगा यात्राः** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल के ग्राम दुर्गूकोंदल में हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा के तहत तिरंगा यात्रा निकाल कर देश भक्ति के प्रति भावना दिखा जिसमें सरपंच श्रीमती शकुंतला नरेटी जी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा रैली निकला गया। उपस्थित उपसरपंच श्रीमती तामेश्वरी जैन, वार्ड पंच संजय उसेंडी, सतीश मंडावी, कविता टेकाम, प्रतिमा यादव, करिश्मा दुग्गा, उतरा वारे, पी के दुर्गे, सोमारु नरेटी, मंजू दुग्गा, लक्ष्मी नरेटी, परमेश्वरी नेताम एवं समस्त वार्ड पंच गण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने मावा मोदोल कोचिंग संस्थान के सफल अभ्यर्थियों को किया सम्मानित

# युवा लक्ष्य बनाकर मेहनत करें और देश- प्रदेश की सेवा में अग्रणी बनें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



नगर कांकेर के पुरानी कचहरी में जिला प्रशासन द्वारा स्थापित निःशुल्क कोचिंग संस्थान मावा मोदोल में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर पहुंचकर वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने नगर सेना भर्ती परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को मैडल भेंट कर सम्मानित किया। उक्त कोचिंग संस्थान में अध्ययनरत 34 महिला अभ्यर्थियों का चयन नगर सेना भर्ती परीक्षा में हुआ है।

मावा मोदोल कोचिंग सेंटर के हाल में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर ने सभी उपस्थित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उक्त निःशुल्क कोचिंग संस्थान का उद्देश्य स्थानीय युवक-युवतियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के उच्चस्तरीय अध्ययन के साथ-साथ उन्हें समुचित मार्गदर्शन देना भी है। उन्होंने बताया कि यहां के बच्चे अधिक से अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेकर सफलता प्राप्त करें, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा यथासंभव अनुकूल और माकूल व्यवस्था की जा रही है। यहां की लाइब्रेरी में उत्कृष्ट पुस्तकों का संग्रह किया गया है। कलेक्टर ने अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित एवं प्रेरित करते हुए कहा कि मार्गदर्शन देने के साथ-साथ पूरी शिद्दत से आप लोगों को मेहनत करनी होगी और मेहनत ऐसी करें कि सेवा क्षेत्र में सिर्फ जिला या प्रदेश ही नहीं देश में भी कामयाबी मिले। उन्होंने एनडीए, क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं का जिक्र करते हुए अपनी सकारात्मक सोच को अंजाम देने की बात कही। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मण्डावी ने कहा कि कांकेर जिले के विद्यार्थियों को कोचिंग के लिए दूरदराज के शहरों में जाने के बजाय स्थानीय स्तर पर सुविधाएं विकसित करने और प्रतिभाओं को बाहर लाने के उद्देश्य से मावा मोदोल कोचिंग संस्थान संचालित किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम आप सभी के समक्ष है।

### चयनित 34 अभ्यर्थी हुए सम्मानित



इस अवसर पर हाल ही में आयोजित जिला नगर सेना में महिला नगर सैनिको की भर्ती परीक्षा में चयनित हुईं महिला अभ्यर्थियों साक्षी शुक्ला, रूचि रामटेके, रेखा नेताम, हेमा निषाद, पल्लवी जुर्री, युगेश्वरी, आरती बघेल, मेघा बघेल, अमिता गायकवाड़, थामेश्वरी, टिकेश्वरी, उपासना मरकाम, बमलेश्वरी, कविता कोला, दामिनी तारम, यास्मीन सलाम, मेघा कोर्राम, उपासना तारम, ममता भूआर्य, गीता कोरेटी, ममता कोरेटी, अरूणा कतलाम, सुभाषिनी सलाम, आरती, रीना, गीतांजली नेताम, पवित्रा नेताम, निकीता, रेवती नेताम, रजंतीन नेताम, बिंदेश्वरी, खिलेश्वरी जुर्री और रमिला का सम्मान कलेक्टर एवं सीईओ द्वारा किया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**पखांजुर।** परलकोट क्षेत्र में नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पखांजूर पुलिस के अनुसार 12 अगस्त को एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी और अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अलग-अलग टीमें गठित कर लड़की की तलाश शुरू किया। तलाशी के दौरान लड़की का पता कोंडागांव जिले के विश्रामपुरी गांव में चला। पुलिस ने वहां से लड़की को बरामद किया और एक संदिग्ध युवक राकेश बैरागी को हिरासत में लिया। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि राकेश बैरागी ने उसे घूमने के बहाने अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर विश्रामपुरी ले गया था। 12 अगस्त की रात राकेश ने शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी राकेश बैरागी उम्र 25 वर्ष के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी को 14 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# तिरंगा अभियान का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करना

**बस्तर।** भाजपा मंडल बस्तर द्वारा नगर पंचायत बस्तर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में पूर्व मंडल अध्यक्ष रामानंद मिश्रा,पूर्व अध्यक्ष उदबोनाग मंडल,सुखदेव मंडावी शामिल हुए। वहीं मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जोशी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम,जय जवान जय किसान के नारों के साथ तिरंगा यात्रा शुरू की। मंडल अध्यक्ष सहित समस्त कार्यकर्ताओं ने नारा लगाते हुए तिरंगा यात्रा को सफल बनाया गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष नारा लगाकर कार्यकर्ताओं को उत्साहित कर रहे थे। भाजपा बस्तर मंडल अध्यक्ष सुखदेव



मंडावी ने कहा कि हर घर तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना है।तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों को अपने घरों में तिरंगा फहराने और देशभक्ति का जश्न मनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। पूर्व मंडल अध्यक्ष रामानंद मिश्रा ने कहा, हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करना है। इस अभियान के तहत लोगों को अपने घरों और दफ्तरों पर तिरंगा झंडा फहराने और सोशल मीडिया पर तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड करने की अपील की गई है।

## संस्कार द स्मार्ट स्कूल के बच्चों ने निकाली हर घर तिरंगा यात्रा

जगदलपुर । दलपत सागर वार्ड पार्षद नरसिंग राव के नेतृत्व में स्वंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर दलपत सागर वार्ड में हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान वार्डवासियों को देशभक्ति का संदेश दिया गया। अभियान में हर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के तहत रमैया शक्ति केंद्र के दलपत सागर वार्ड में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद समेत भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा सहित सचिन उपाध्याय,सुंदर कश्यप, महेंद्र पटेल, गणेश नाग, नरेंद्र पटेल,वीरेंद्र जोशी सहित संस्कार द स्मार्ट स्कूल के मैनेजर एलेक्स मैथ्यू,प्रिंसिपल,टीचर एवं ऑफिस स्टाफ सहित सैकड़ो लोगों ने सहभागिता की।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, कैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट
■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

स्वामी जी 93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 11 सितंबर 2025, 03 अक्टूबर 2025, 09 नवंबर 2025, 18 दिसंबर 2025, 24 दिसंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से- 11 नवंबर से 17 नवंबर 2025, 2 मई से 8 मई 2026
चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि- स्लीपर-9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

15 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
वरूण खापर्डे
सभापति ज.पं. भानुप्रतापपुर

15 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
राहुल सिंह धुन्जे
भाजपा कार्यकर्ता, भानुप्रतापपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत - ताड़ोकी
जनपद पंचायत - अंतागढ़, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्रीमती रामबती गावड़े - सरपंच
श्री उपेन्द्र नायक - उपसरपंच
श्री सै.रऊफ अहमद - सचिव
पंचगण : सुश्री अंजु पोटाई (वार्ड क्रं. 01), श्रीमती खुशबू बघेल (वार्ड क्रं. 02), श्रीमती श्यामबती उसेण्डी (वार्ड क्रं. 03) सुश्री प्रमिला पोटाई (वार्ड क्रं. 04), श्री विजय कुमार यादव (वार्ड क्रं. 05), श्रीमती ममतेश्वरी नायक (वार्ड क्रं. 06) श्री सियाराम कोमरा (वार्ड क्रं. 08), श्री सन्तोष प्रधान (वार्ड क्रं. 09), श्री हेमलाल मातलाम (वार्ड क्रं. 10) श्रीमती सभीला गावड़े (वार्ड क्रं. 11), श्री सोभाराम सलाम (वार्ड क्रं. 12)
विनीत : ग्राम पंचायत ताड़ोकी, विकासखण्ड - अंतागढ़, जिला - उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

कार्यालय ग्राम पंचायत - मंगतासाल्हेभाट
जनपद पंचायत - अंतागढ़, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्री जागेश्वर कोमरा - सरपंच
श्री प्रेमसिंह पोटाई - उपसरपंच
श्री सै.रऊफ अहमद - सचिव
पंचगण : श्रीमती सनबती पोटाई (वार्ड क्रं. 01), श्री रमेश दर्रो (वार्ड क्रं. 03), श्री लोकेश दर्रो (वार्ड क्रं. 04) श्रीमती रामप्यारी दर्रो (वार्ड क्रं. 05), श्रीमती सुरेखा दर्रो (वार्ड क्रं. 06), श्री फुलेश्वर कुमेटी (वार्ड क्रं. 07) श्रीमती पुनाय दर्रो (वार्ड क्रं. 08), श्रीमती ललिता गावड़े (वार्ड क्रं. 09), श्रीमती दशाय दर्रो (वार्ड क्रं. 10) श्री दयाराम सलाम (वार्ड क्रं. 11)
विनीत : ग्राम पंचायत मंगतासाल्हेभाट, विकासखण्ड - अंतागढ़, जिला - उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

समस्त प्रदेशवासियों को
15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
पर्यावरण ही हमारी पूँजी है, वनो को आग से बचाये ।
-:: सौजन्य ::-
वन परिक्षेत्र अधिकारी अंतागढ़
जिला - कांकेर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस पर अमृत सरोवरों में होगा ध्वजारोहण

**कोण्डागांव।** भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के सभी अमृत सरोवरों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इन सरोवरों में ध्वजारोहण के साथ–साथ वृक्षारोपण, सफाई अभियान और जलवायु एवं जल साक्षरता पर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और सीईओ अविनाश भोई के मार्गदर्शन में, केशकाल जनपद के ग्राम पंचायत डोहलापारा में स्थित शहीद लखनलाल अमृत सरोवर में एक तिरंगा रैली निकाली गई। इसमें ग्रामीण, स्कूली बच्चे और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इसी तरह, ग्राम पंचायत खाल्हेमुवेंर्ड और बहिगांव में स्थित स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल में जलवायु और जल साक्षरता पर आधारित चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके अलावा, शहीद विक्रम यादव अमृत सरोवर, निराछिन्दली में भी सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग सिन्हा और कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक राठोर, गणमान्य नगरिक एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

### फरसगांव में सूक्ष्म खाद्य उद्योग के लिए लगी जागरुकता कार्यशाला

**कोण्डागांव।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत आज जनपद पंचायत फरसगांव में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य खाद्य पदार्थों के निर्माण और स्थानीय स्तर पर खाद्य उद्योग स्थापित करने के लिए स्व–सहायता समूहों और अन्य लोगों को मार्गदर्शन देना था। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से महिला स्व–सहायता समूहों के सदस्यों ने हिस्सा लिया। उन्हें खाद्य उद्योग की स्थापना की प्रक्रिया, निर्माण और इसके लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की सहायक प्रबंधक श्रीमती नम्रता एल्मा, जनपद पंचायत फरसगांव के सीईओ रूपेन्द्र नेताम, भारतीय स्टेट बैंक के कमलेश मरकाम और एनआरएलएम की बीपीएम श्रीमती विजया साहू सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में विधायक उसेण्डी करेंगी ध्वजारोहण

**कोण्डागांव।** जिले में 15 अगस्त को हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य समारोह कोंडागांव स्थित विकास नगर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। समारोह में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगी और सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगी।

### स्वतंत्रता दिवस पर कोंडागांव में रहेगा शुष्क दिवस

**कोण्डागांव।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार, 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर कोंडागांव जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

---

पर्व

# हलषष्ठी पर महिलाओं ने निर्जला व्रत किया एवं सामूहिक पूजा-अर्चना की

### शिव-पार्वती, नंदी और खिलौनों की सगरी में पूजा की और संतानों की दीर्घायु की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धनेलीकन्हार

शीतला मंदिर प्रागण धनेलीकन्हार में 14 अगस्त को 68 व्रत धारी महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर सामुहिक रूप से हलषष्टी पर्व धूमधाम से मनाते हुए पूजा अर्चना किया। यह पूजा प्रतिवर्ष भादपद्र माह की छठी तिथि को अपने पुत्र की दीर्धायु होने और असामयिक मौत से बचाने के लिए शिव-पार्वती की पूजा कर कमरछठ या हलषष्ठी का व्रत करती हैं।

इस तिथि को भगवान बलराम का जन्म हुआ था, उनका मुख्य अस्त्र हल था। उसे खेती का देवता माना जाता है, इसी दिन राजा जनक को हल जोतते हुए जमीन से कलश मिला था, जिससे मां सिता की उत्पत्ति हुई थी। इस दिन महिलाएं ऐसे खेत में पैर नही रखती, जहां पर हल चलाकर फसल पैदा होती है। महुआ व खमार का दातुन व दोना पत्तल व फुल ही उपयोग में लाती है। इस व्रत में लाई का विशेष महत्व रहता है। पसहर चांवल, छह प्रकार की भाजी, भैस की दुध, दही व घी का उपयोग करती हैं। पूजा के बाद अपने बच्चो के पीठ पर पोती देकर ही प्रसाद लेती हैं। पूजा के लिए तालाब रूपी सगरी बनाया जाता है और उसे कुश, पलाश, झरबेरी के फुलो से सजाया जाता है। महिलाएं पूजा कर व्रत की महत्ता को लेकर छह प्रकार की कहानी कहती हैं व अंत मे आरती कर सगरी में नए व्रतधारी महिलाओं का श्रीफल रखती है। जिन महिलाओं की संताने नहीं होती उसके संतान प्राप्ति के लिए सगरी में श्रीफल डलवाया जाता है। इस व्रत व पूजा में विशेष रूप से रोम कुमार साहू, टेशवर साहू का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर सरपंच मधु मंडावी, सेवती सेन, सरिता सेन, लीलावती सेन, मीना रावटे, सष्मीता सार्वा, हेमलता रावटे, मिना शर्मा, संतोषी नायक, सरस्वती नायक, सुनिता साहू, हेमेश्वरी बारला, परमेश्वरी निषाद, डेमेश्वरी मेरीहा, संध्या लाटीया, सुमित्रा कावड़े, भुमिका लाटिया, जानकी नेताम, निशा सेन, काजल सेन, दुरपत बारला, डोमेन्द्री बारला, तृप्ति सेन, रागिनी सेन, संतोषी कावड़े, मोना सोनी, पामनी बारला, रेशम साहू, पायल जैन, कुंजलता दनात, नागेश्वरी जांगडे, रेशम साहू, परमिला ठाकुर, वैदही शोरी, शालु बारला, नागेश्वरी जांगडे, गायत्री बारला, किरण बारला, योगेश्वरी साहू, जागेश्वरी दनात, भारती रानी साहू, जगमणी नायक, टिकेश्वरी सिवना, संतोषी नायक व अन्य उपस्थित रहें।





## कमरछठ पर महिलाओं ने की पूजा अर्चना संतान की दीर्घायु व खुशहाली की कामना

**दुर्गूकोंदल।** आवासपारा दुर्गूकोंदल में हलषष्ठी पूजा भक्तिमय माहौल में मनाया। महिलाएं व्रत रखीं और अपने संतान की लंबी उम्र के लिए पूजा अर्चना किया। महिलाएं सगरी खोदकर चारों तरफ बैठकर पूजा अर्चना किया। सगरी माता को 6 प्रकार के अन्न भोग, पसेर चढ़ाया गया। पूजा अर्चना खम्हार पेड़ के पत्ता में बैठकर सभी भोग खम्हार के पत्ते में रखकर चढ़ाया। इस पूजा में भैंस के दूध, दही, घी का उपयोग किया। महिलाओं हलषष्ठी माता की आरती उतारी और अपने बच्चों के लंबी उम्र के लिए मन्नतें मांगी। पूजा अर्चना में ममता रावटे, यामिनी कैमरो, कली यादव, जयंती तारम, ममता जायसवाल, यमुना माहवे, भानुमति मानकर, सावित्री ठाकुर, यामिनी चिराम, लक्ष्मी निषाद शामिल हुई।

हाटकोंदल समेत अंचल में जगह-जगह हलषष्ठी पर्व गुरुवार को मनाया गया। महिलाओं ने संतान की दीर्घायु व खुशहाली की कामना करने के साथ ही सुख समृद्धि के लिए पूजा अर्चना किया। नवविवाहित महिलाएं संतान प्राप्ति के लिए व्रत रखी महिलाओं ने सामूहिक स्थान पर एक जगह एकत्रित होकर सगरी बनाकर छह प्रकार के फूल-पत्तों से सजाकर मिट्टी के खिलौने बैल शिवलिंग गौरी-गणेश इत्यादि बनाकर पूजा-अर्चना की बलवंत यादव ने बताया कि हलषष्ठी पर्व में गांव की माताएं उपवास रहकर अपने संतानों की दीर्घायु और सुख समृद्धि की कामना की शाम के समय बेटे के पीठ पर ममता की थाप मार का आशीर्वाद दिया दिन भर निर्जला उपवास रहकर शाम को पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण कर व्रत तोड़ा। सामूहिक रूप से महिलाओं ने कथा सुनी। पूजा में बिना हल से उपजे अन्न का उपयोग किए जाने का विशेष महत्व है। इस अवसर पर रजमत पटेल, मोनिका यादव, केसर यादव, गंगा यादव, जामुन अलनिया, सतिमा गावड़े कार्तिका यादव संतोषी ठाकुर दुलारी बाई यादव आदि शामिल रहे।

## नगर व गांव में धूमधाम से मनाया गया कमरछठ, महिलाओं में दिखा उत्साह

**भानुप्रतापपुर।** नगर भानुप्रतापपुर एवं आसपास के गांवों में पारंपरिक पर्व कमरछठ श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। माताओं ने संतान की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए दिनभर उपवास रखा। सगरी माता की पूजा में लाई, पसहर चांवल का भोग अर्पित कर हलषष्ठी माता की कथा का श्रवण किया गया। पूजन स्थल पर भानुप्रतापपुर के पंडित मुकेश शर्मा ने बताया कि परंपरा अनुसार माताएं हलषष्ठी माता, गौरी-गणेश एवं कलश की स्थापना कर पूजा करती हैं और कथा श्रवण के बाद उपवास तोड़ती हैं। मान्यता है कि इस व्रत से संतान की आयु बढ़ती है। इस दिन खेत में काम नहीं किया जाता और पसहर चांवल बनाकर उपवास पूर्ण किया जाता है। कमरछठ या हलषष्ठी पर्व का संबंध भगवान श्रीकृष्ण की कथा से भी जुड़ा हुआ माना जाता है। पुराणों के अनुसार यह व्रत माताओं द्वारा संतान की रक्षा और लंबी उम्र के लिए किया जाता है। हलषष्ठी नाम का अर्थ है हल और षष्ठी माता जो संतान की संरक्षिका मानी जाती हैं। ग्रामीण अंचल में यह व्रत सदियों से वैदिक सनातन परंपरा के तहत मनाया जा रहा है और समय के साथ यह उत्सव शहरों में भी लोकप्रिय हो गया है। ग्रामीण अंचल से लेकर शहर तक यह पर्व पूरे उत्साह से मनाया गया, जो आज भी अपनी वैदिक परंपरा को जीवित रखे हुए है।



---

## पीवी 118 से नयापारा कापसी तक सड़क जर्जर, ग्रामीण हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पखांजुर



मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी पीव्ही 118 रतनपुर से नयापारा कापसी तक की सड़क की जर्जर हालत ने सरकारी दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह सड़क ग्रामीणों के लिए कापसी बाजार पहुंचने का मुख्य मार्ग है, लेकिन जगह-जगह गहरे गड्ढो और जलभराव के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क का निर्माण कुछ साल पहले ही हुआ था, लेकिन अब यह पूरी तरह से टूट चुकी है। ग्रामीण सोहन कुमार, रूप सिंह और बाजू राम ने बताया कि बारिश के मौसम में गड्ढों में पानी भर जाने से हालात और भी खराब हो जाती हैं। वाहन चालकों को इन गड्ढों से बचने की कोशिश में अक्सर संतुलन खोना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से सड़क की मरम्मत की गुहार लगाई है, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस अनदेखी से ग्रामीणों में भारी रोष है। हाल ही में गोपाल चक्रवर्ती और तापस दास व अन्य ग्रामीणों ने खुद ही सड़क से पानी निकालने का प्रयास किया, जिससे पता चलता है कि लोग इस समस्या से कितने परेशान हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है ताकि लोगों को इस परेशानी से मुक्ति मिल सके और किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।

## स्कार्पियो से अवैध अंग्रेजी शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** जिले में अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 135 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी रूपेश कुमार के नेतृत्व में थाना कोण्डागांव और सायबर सेल की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस को मुखबिर से 12 अगस्त की शाम सूचना मिली कि स्कार्पियो में अवैध अंग्रेजी शराब रखकर कमेला की ओर ले जाई जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम बड़े कनेरा रोड पर नाकेबंदी की। उक्त वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने वाहन तेज गति से भगाने की कोशिश की। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। चालक को सुरक्षित निकालकर पूछताछ में उसका नाम शुभम सरकार पिता रूप कुमार सरकार, उम्र 30 वर्ष, निवासी डीएनके कॉलोनी, कोण्डागांव बताया गया। वाहन की तलाशी में 750 नग पौवा मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब 'गोवा बरामद हुई। जिनकी कुल मात्र 135 बल्क लीटर और कीमत 97,500 रुपए आँकी गई। इसके साथ ही स्कॉर्पियो वाहन कीमत 10 लाख और मोटोरोला मोबाइल कीमत 15 हजार जब्त किए गए।

## नरहरदेव की नि:शुल्क फिजिकल ट्रेनिंग में शामिल 13 महिला अभ्यर्थियों का नगर सेना में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर



शहर के ह्रदयस्थल नरहरदेव मैदान में विगत 3 वर्षों से लगातार मेहनत कर रहे अभ्यर्थियों में से जिले के 13 महिला अभ्यर्थियों का नगर सेना में रुचि रामटेके, कविता कोला, साक्षी शुक्ला, गीता कोरेटी, बमलेश्वरी मरकाम, रीना मरकाम, बिंदेश्वरी मंडावी, निकिता नाग, रेखा नेताम, मेघा कोर्राम, राजंतीन नेताम, दामिनी तारम और ममता कोरेटी का चयन हो गया है। उनके अथक प्रयास और निरंतर अभ्यास से उन्होंने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 9 तक निरंतर अभ्यास नरहरदेव मैदान में किया। चयनित महिला अभ्यर्थियों से पूछने पर बताया कि निरंतर नरहरदेव मैदान पर अभ्यास कर किया। इस सफलता का श्रेय उन्होंने पूर्व फूड इंस्पेक्टर विमल कुमार एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व सैनिक सोमेश यादव, पूर्व सैनिक टीके जैन, पूर्व सैनिक संयोग साहू को दिया। सभी ट्रेनर लगातार कठिन से कठिन ट्रेनिंग कराते थे और हमें अपने लक्ष्य को पाने के लिए प्रेरित करते थे और हम सभी उनका अनुसरण करते थे, जिसके फलस्वरुप हमने फिजिकल टेस्ट में अच्छे से अच्छे अंक प्राप्त किया और लिखित परीक्षा में टेस्ट पास करने के बाद मेरिट लिस्ट में हमारा चयन हुआ। अवगत हो कि इस ट्रेनिंग ग्रुप से ट्रेनिंग करने वाले लगभग 90 से अधिक अभ्यर्थियों ने छत्तीसगढ़ पुलिस और छत्तीसगढ़ फॉरेस्ट की फिजिकल टेस्ट भी अच्छे नंबरों से पास कर चुके हैं। साथ ही बीएसएफ में फिजिकल टेस्ट पास कर चुके हैं। आने वाली लिखित परीक्षा में और भी अभ्यर्थियों के चयन होने की संभावना है। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला कांकेर के पदाधिकारी और सदस्यों के द्वारा चयनित महिला अभ्यर्थियों को श्रीफल, फूलमाला और पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के कार्यक्रम में प्रशिक्षण ले रहे सभी बच्चे उपस्थित रहें।

## कोपाबेड़ा मुक्तिधाम में 105 फलदार पौधों का किया रोपण

**कोण्डागांव।** हर पेड़ में जीवन है। हर जीवन में यादें इसी सोच के साथ आज कोपाबेड़ा मुक्तिधाम में एक प्रेरणादायक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्वर्गीय लछमन देवांगन के तीज नहावन की स्मृति में उनके बड़े भाई कमल देवांगन एवं भतीजे विजय देवांगन के नेतृत्व में संपन्न हुआ।इस मौके पर 105 फलदार पौधों आम, अमरूद, जामुन, नींबू व अन्य स्थानीय प्रजातियों को मुक्तिधाम परिसर की भूमि में रोपा गया। इन पौधों को लगाने में परिवार के सदस्यों खेमेश्वर देवांगन, शैलेन्द्र देवांगन, भांजे हरिशंकर देवांगन, बिजय देवांगन, बृज देवांगन, सुशील देवांगन, फगनू देवांगन ने सक्रिय भागीदारी निभाई। समाज के सदस्य मनी शंकर देवांगन, मेघनाथ देवांगन एवं बड़ी संख्या में उपस्थित समाजबंधुओं ने भी पूरे उत्साह से श्रमदान किया। कार्यक्रम में बोलते हुए कमल देवांगन ने कहा कि भाई लछमन हमेशा समाज और पर्यावरण के लिए कुछ अच्छा करना चाहते थे। आज यह पौधे उनकी याद में लगाए गए हैं ताकि आने वाली पीढ़ियां भी उनकी सोच से प्रेरित हों।

## न्यायरक्षक विधिक सहायता पात्रता की शर्तों को समझें, दायित्वों का करें पालन

**कोण्डागांव।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती किरण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम के न्याय रक्षकों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उनके कार्यों और भर्ती की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विधिक सहायता प्रणाली की प्रभावशीलता की समीक्षा करना था। इसमें जरुरतमंदों तक मुफ्त और अच्छी विधिक सहायता पहुँचाने के लिए आवश्यक सुझाव और निर्देश दिए गए। प्रधान न्यायाधीश ने डिफेंस कौंसिल के न्याय रक्षकों से कहा कि वे विधिक सहायता की पात्रता की शर्तों को बेहतर ढंग से समझें। अपने दायित्वों का सही से पालन करें। उन्होंने अभिरक्षाधीन बंदियों के मामलों की पैरवी को प्राथमिकता देने और हर महीने जेल जाकर बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। बैठक में नालसा लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम योजना, 2022 के नियमों और क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रधान न्यायाधीश ने न्याय रक्षकों को चेतावनी दी कि वे अपने काम में पूरी पारदर्शिता और सतर्कता बरतें। उन्होंने पक्षकारों से अवैध संपर्क, किसी भी तरह के अवैध परितोषिक की मांग, या बंदियों द्वारा नियुक्त निजी वकीलों के काम में हस्तक्षेप न करने के निर्देश दिए।



---

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भारत की एकता और अखंडता को खंडित करने की साजिश की याद

## देश का विभाजन मानवीय इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी थी : विधायक विक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

विभाजन विभीषिका दिवस के स्मृति में कोयलीबेड़ा थाना से जनपद पंचायत तक विधायक विक्रम उसेंडी के मुख्य आतिथ्य में मौन जुलूस निकाला गया, जिसमें स्कूली छात्र, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल हुए।

विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि यह दिन विभाजन के दौरान अनेक भारतीयों के कष्टों को याद करता है। विभाजन में अनेक परिवार विस्थापित हुए और कई लोगों ने अपनी जान गँवाई। इसका उद्देश्य भारतीयों को सामाजिक विभाजन और वैमनस्य को दूर करने और एकता, सामाजिक सद्भाव और मानव सशक्तिकरण की भावना को और मज़बूत करने की आवश्यकता की याद दिलाना है। भारत का विभाजन सिर्फ एक देश का विभाजन नहीं था, यह मानवीय इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी थी। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भारत की एकता और अखंडता को कैसे चोट पहुंचाई गई, यह उसकी भी याद दिलाता है। विभाजन का दंश झेलने वाली पीढ़ी ने जो वेदना व्यक्त की है, उसे वर्तमान और आने वाली पीढ़ियां कभी नहीं भूलेंगी। भारत विभाजन के दौरान लोगों का विस्थापन हुआ, लोग अपनों से बिछड़ गए। लोगों ने मजबूरी में जिस तरह पलायन किया, उसकी तस्वीरों को कोई नहीं भूल सकता है। यह दिवस हमें एकता और अखंडता की आवश्यकता व उसके लिए एकजुट रहने का सबक भी देता है। इतिहास में की गई गलतियों से जो देश और समाज सीख नहीं लेते हैं, उन्हें बहुत बड़े नुकसान उठाने पड़ते हैं।

आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य कामिनी उसेंडी ,महामंत्री रिंकू सहारे, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष दिनेश आचले, पुर्व मंडल अध्यक्ष सुनील जैन मोहन हुपेंडी , पुर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार आचले,समस्त भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल हुए ।





### मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

आजादी पर्व अमृत महोत्सव के उपलक्ष में मोर तिरंगा, मोर अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी कोयलीबेड़ा मंडल ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया, यह यात्रा कोयलीबेड़ा अटल चौक से प्रारंभ होकर पूरे बस्ती का भ्रमण करते हुए जिरमतराई तक पहुँची और वापिस रेस्ट हाउस में सभा में तब्दील हो गई । हर घर तिरंगा कार्यक्रम में विधायक विक्रम उसेंडी के मुख्य आतिथ्य में हुआ, जिसमें पूरी कमान भाजपा मंडल अध्यक्ष लच्छु गावड़े ने संभाला। इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म और धमकी देने के आरोप में युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव मर्दापाल थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और शादी के लिए दबाव बनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी चंपू नाग 23 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 12 अगस्त को एक 16 वर्षीय 11 महीने की नाबालिग लड़की की मां ने मर्दापाल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि चंपू नाग नाम का युवक, जो उसी क्षेत्र का रहने वाला है ने उनकी बेटी को शादी का झांसा देकर अपने घर ले गया। वहां उसने लड़की के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। दुष्कर्म के बाद, वह लगातार लड़की पर शादी करने का दबाव बना रहा था। जब नाबालिग ने शादी से इनकार कर दिया, तो आरोपी ने रास्ते में रोककर उसे जान से मारने की धमकी दी। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। कोंडागांव के पुलिस अधीक्षकवाय अक्षय कुमार ने आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सतीश भार्गव के मार्गदर्शन में मर्दापाल थाना पुलिस की एक टीम ने आरोपी को उसके गांव कांगा वड़ेपारा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी चंपू नाग के खिलाफ मर्दापाल थाने में अपराध क्रमांक 17.2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, 65(2), 351(3), 126(2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**हादसा : अंतागढ़ हिंदुबिनापाल पुलिया में हुई दुर्घटना**

# चालक की लापरवाही से बस पुलिया से गिरी, कंडेक्टर की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



अंतागढ़ थानांतर्गत हिन्दुबिनापाल पुलिया से बस नीचे बहते पानी में गिर गई। बस में सवार कंडेक्टर को गंभीर चोट आने के कारण मौत हो गया। मृतक के रिश्तेदार मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने कंडेक्टर के मौत होने की पुष्टि किया।

अंतागढ़ थाना में शिकायत करने पहुंचे बृजलाल यादव पिता भरत सिंह यादव ने पुलिस को बताया कि जागेश्वर नेताम रिश्ते मे मेरे जीजा लगता है, जो कि हबीबा ट्रेवल्स में कंडक्टरी का काम करता है। मै और मेरी पत्नि किर्ती बाई ग्राम कहड़बरी में थे, तभी मेरी दीदी मीना नेताम ने मुझे 14 अगस्त को सुबह फोन करके बताया कि तुम्हारे जीजा जागेश्वर नेताम और प्यारे लाल सोनवानी हबीबा बस से 13 अगस्त की रात को अंतागढ की ओर जा रहे थे, रात करीबन साढ़े 10 बजें ग्राम हिन्दु बिनापाल पुलिया के पास वाहन बस क्रमांक सीजी 08 एएम 9778 के चालक प्यारे लाल सोनवानी ने बस को तेजी व लापरवाही पूर्वक चला रहा था, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे बहते पानी में पलट गया है। जानकारी मिलते ही मै तुरंत ग्राम हिन्दुबिनापाल पुलिया के पास पहुंचा, तो देखा कि पुलिया के नीचे वाहन क्रमांक सीजी 08 एएम 9778 हबीबा ट्रेवल्स पलटी हुई थी। नदी में पानी बह रहा था, सामने का कांच टुटा हुआ था, जिसमें अंदर जाकर देखा तो मेरे जीजा जागेश्वर नेताम बस के अंदर मेनगेट के पास पानी में चित अवस्था में मृत पड़ा था। उसके सिर व दोनो कानो में चोट लगा था। बस से बाहर निकालकर शव वाहन में अंतागढ़ अस्पताल लेकर पहुँचे, जहां उपस्थित चिकित्सक ने उसकी मौत होने की पुष्टि किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन सीजी 08 एएम 9778 के चालक प्यारे लाल सोनवानी के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

# बांदे पटवारी रिश्वत मामले में नया वीडियो वायरल, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर



बांदे उपतहसील अंतर्गत पटवारी उमाकांत जोशी के भ्रष्टाचार का मामला दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है। एक शिकायतकर्ता के हिम्मत जुटाने के बाद अब एक और अन्य व्यक्ति सामने आया है, जिसने पटवारी के खिलाफ बनाए वीडियो को वायरल किया, उसमें पटवारी रिश्वत लेते हुए नजर आ रहा है। वायरल वीडियो की पुष्टि हरिभूमि नहीं करता है। प्रशासन मामले को संज्ञान में लेगा, तभी वीडियों की सत्यता का खुलासा होगा। पटवारी के रिश्वत का यह मामला तब सामने आया था, जब एक व्यक्ति ने पटवारी पर भू विभाजन के लिए पैसे मांगने का आरोप लगाते हुए करवाई की मांग किया। शिकायतकर्ता ने बताया कि नामांतरण के एवज में भ्रष्ट पटवारी ने सात हजार रुपएं की रिश्वत लिया है, इस शिकायत के बाद ही पटवारी का पहला वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह रिश्वत की रकम लेते हुए दिखाई दे रहे थे। पहले मामले के बाद एक अन्य व्यक्ति ने भी हिम्मत जुटाकर पटवारी के खिलाफ शिकायत किया। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसने भी पटवारी को रिश्वत दी थी, जिसका वीडियो अब सामने आया है। इस वीडियो में पटवारी उमाकांत जोशी एक और व्यक्ति से पैसे लेते हुए दिख रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया है। पटवारी द्वारा भ्रष्टाचार करने का मामला लगातार सामने आ रहा है। लोगों का कहना है कि इतने लंबे समय से पटवारी के खिलाफ शिकायतें होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। अब दो-दो वीडियो और शिकायतकर्ताओं के सामने आने के बाद यह देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में किस तरह का कदम उठाता है। पटवारी को लेकर लोगों में आक्रोश भी देखा जा रहा है।



## शक्ति केंद्र बारदा में मोर तिरंगा, मोर अभियान चला

**पखांजुर।** स्वतंत्रता दिवस के 79 वें पर्व के उपलक्ष्य में कापसी मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा बारदा शक्ति केंद्र में मोर तिरंगा, मोर अभियान कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को जाग्रत करना और हर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक दीपांकर दत्ता, सहसंयोजक मंडल महामंत्री अमित दास, सहसंयोजक स्वरूप चक्रवर्ती, मंडल उपाध्यक्ष सुभाष राय, नमिता विश्वास, रंजीत दास, हरिकिशन नाग, पंकज मंडल, शिवली ढाली एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थिति रहें।











सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है,
देखना है जोर कितना बाजू-ए-कातिल में है।।
वक्त आने दे बता देंगे तुझे ऐ आसमां,
हम अभी से क्या बताएं क्या हमारे दिल में है,
ऐ शहीदे मुल्को मिल्लत, तेरे जज्बों के निसार,
तेरी कुर्बानी का चर्चा गैर की महफिल में है।।
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
विनीत : समस्त भाजपा परिवार एवं
कार्यकर्तागण विधानसभा क्षेत्र कांकेर

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 15 अगस्त 2025
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा













संकलनकर्ता : अभिषेक पाण्डेय, संवाददाता, भानुप्रतापपुर मो. 9407909500, 9770004148


मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. अरूण साव
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
विनीतः समस्त ठेकेदार लोक निर्माण विभाग कांकेर


मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
मा. किरण नरेटी
अध्यक्ष
जिला पंचायत कांकेर
मा. तारा ठाकुर
उपाध्यक्ष
जिला पंचायत कांकेर
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
धर्म, संस्कृति की रक्षा करें, शहर की एकता को बनाये रखें
शहर के विकास और उन्नति के लिए कदम बढ़ाये
अपनी ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यो में करें
मानव जीवन बहुमूल्य है इसका उपयोग सत्य कर्मो में करें...
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. अरूण साव
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
विनीत : जिला शिक्षा विभाग कांकेर


मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं.....
ऐ मेरे वतन के लोगों तुम खूब लगा लो नारा,
ये शुभ दिन है हम सब का लहरा लो तिरंगा प्यारा,
पर मत भूलो सीमा पर वीरों ने है प्राण गँवाए,
कुछ याद उन्हें भी कर लो जो लौट के घर न आये।
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. अरूण साव
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
विनीत : समस्त ठेकेदार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कांकेर


समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
मैं मुल्क की हिफाजत करूँगा
ये मुल्क मेरी जान है, इसकी रक्षा के लिए
मेरा दिल और जां कुर्बान है...
वन्दे मातरम, जय हिन्द
महतारी एक्सप्रेस 102 | संजीवनी एक्सप्रेस 108
▪ जननी सुरक्षा योजना अस्पताल में प्रसव करवाएं जच्चा-बच्चा सुरक्षित रहे।
▪ परिवार नियोजन, छोटा परिवार सुखी परिवार
▪ राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ लेवें।
▪ छः जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण करावें।
▪ मलेरिया से बचें अपने आसपास पानी जमा होने न दे,
▪ मच्छरदानी का उपयोग करें।
▪ बासी भोजन न करें पानी उबालकर पीएं।
▪ जननी शिशु सुरक्षा योजना का लाभ उठाएं।
सौजन्य : सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चारामा
जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)



सारे जहाँ से अच्छा,
हिन्दोस्तां हमारा
हम बुलबुलें हैं इसकी,
यह गुलिसतां हमारा
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
विनीत: परिवहन विभाग कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)




मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
मा. किरण नरेटी
अध्यक्ष
जिला पंचायत कांकेर
मा. तारा ठाकुर
उपाध्यक्ष
जिला पंचायत कांकेर
मा. पूर्णमा सिंग गावड़े
अध्यक्ष
जनपद पंचायत कांकेर
मा. तारूणी ठाकुर
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत कांकेर
समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे मानव श्रेष्ठ बनता है
प्रत्येक पालक अपने बच्चों को अवश्य नियमित स्कूल भेजे
विनीत: कांकेर क्षेत्र के समस्त शिक्षा जगत से जुड़े शुभचिंतक



मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन



मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर

मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़

मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर



मा. श्यामबिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य मंत्री छ.ग. शासन

# स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...

## स्वस्थ्य हृदय-लम्बा जीवन

| हृदय रोग के जोखिम कारक | अगर निम्न लक्षण हो तो/ तुरन्त चिकित्सकीय परामर्श लें |
|---|---|
| • तम्बाकू प्रयोग | • सीने में दर्द, दबाव या शारीरिक श्रम के बाद |
| • शराब का हानिकारक उपयोग | • अपच का आभास |
| • उच्च रक्तचाप | • कन्धे या हाथ में दर्द या दबाव |
| • उच्च कोलेस्ट्रोल | • जबड़ों में अकारण दर्द |
| • मधुमेह | • परिश्रम के बाद सांस लेने में तकलीफ |
| • परिधीय धमनी रोग | • चढाई/सीढी चढ़ने पर सांस फूलना या बेहोशी |
| • परिवारिक इतिहास | • पेट के उपरी हिस्से में दर्द |
| • मोटापा | • अकारण जी घबराना या पसीना छूटना |
| • शारीरिक निष्क्रियता | • धड़कन महसूस होना या चक्कर आना |
| • अनुचित आहार | • शरीर के किसी अंग या हिस्से में कमजोरी |

''असंक्रामक रोगों के लक्षण शुरूआती चरण में दिखाई नही देते''
''बचाव के लिये 30 वर्ष के पश्चात नियमित स्वास्थ्य जांच करवायें''

**विनीत : मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कांकेर**



मा. नरेन्द्र मोदी | मा. अमित शाह | मा. जगत प्रकाश नड्डा | मा. केदार कश्यप | मा. अरुण साव | मा. भोजराज नाग | मा. विक्रम उसेंडी | मा. आशाराम नेताम | मा. किरण नरेटी | मा. तारा ठाकुर

# स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...



मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन

## NFSNM

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पोषण मिशन एवं केन्द्र प्रायोजित योजना है जिसके माध्यम से चॉवल, गेहू और दालों का उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य उत्पादन बढ़ाकर, कृषि स्तरीय आय में सुधार करके और मिट्टी की उर्वरता बहाल करके खाद्य सुरक्षा को बढ़ाना है।

मुख्य उद्देश्य:-

1. उत्पादन में वृद्धि करना:- मिशन का उद्देश्य उत्पादकता में सुधार और कुशल संसाधन उपयोग को बढ़ावा देकर किसानों को शुद्ध आय में वृद्धि करना।

2. मिट्टी की उर्वरता बहाल करना- टिकाऊ कृषि पद्धतियों के लिए मृदा स्वास्थ्य को बहाल करना और बनाए रखना।

3. पोषण सुरक्षा:- यह मिशन आहार विविधता और पोषण सुरक्षा बढ़ाने के लिए दालों, पोषक अनाज और मोटे अनाज जैसे अन्य फसलों विविधता लाने और पोषण अनाजों की खेती में बढ़ावा देने से पोषण सुरक्षा में सुधार देता है।

4. प्रोत्साहन और समर्थन किसानों को फसल प्रदर्शन अन्तर्गत उच्चगुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक, कृषि उपकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसे प्रोत्साहन प्रदान किए जाते है।



मा. रामविचार नेताम
कृषि मंत्री
छ.ग. शासन

**विनीत : राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पोषण मिशन एवं केन्द्र, कांकेर**


मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...
भारत माता तेरी गाथा, सबसे ऊंची है तेरी शान,
तेरे आगे शीश झुकाए और दे तुझको हम सब सम्मान।
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
विनीत: एक शुभचिंतक, कांकेर


मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. श्यामबिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य मंत्री छ.ग. शासन
स्वस्थ जीवन शैली अपनायें असंक्रामक रोगों से बचें
असंक्रामक रोग - कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि
शारीरिक गतिविधि बढ़ाये
तेल/घी, शक्कर व नमक का सेवर कम करें
भरपूर फल सब्जियों का सेवन करें
वजन संतुलित रखें
तनाव मुक्त रहें
तंबाकू सेवन व धूम्रपान ना करें
शराब का सेवन ना करें
विनीत : खंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नरहरपुर, जिला कांकेर


मा. अरुण साव
उपमुख्यमंत्री
मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं.....
धर्म, संस्कृति की रक्षा करें, शहर की एकता को बनाये रखें
शहर के विकास और उन्नति के लिए कदम बढ़ाये
अपनी ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यों में करें
मानव जीवन बहुमूल्य है इसका उपयोग सत्य कर्मों में करें...
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. केदार कश्यप
वन एवं जल संसाधन मंत्री
छ.ग. शासन
विनीत - जल संसाधन विभाग के समस्त ठेकेदार, कांकेर


मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. श्यामबिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य मंत्री छ.ग. शासन
राष्ट्रीय कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग व पक्षाघात बचाव एवं नियंत्रण कार्यक्रम
मधुमेह
प्राथमिक रोकथाम
• शरीर के वजन को सामान्य बनाये रखें।
• स्वस्थ पोषण का सेवन।
• नियमित व्यायाम जैसे चलना, दौड़ना।
• तम्बाकू और शराब का सेवन न करें।
विशिष्ट रोकथाम
• रक्तचाप को स्थिर बनाये रखें।
• रक्त शर्करा का स्तर बनायें रखें।
• आदर्श वजन बनाये रखें।
• आँख व पैरों की जाँच नियमित रूप से करायें।
मधुमेह के लक्षण
• जल्दी-जल्दी पेशाब आना।
• वजन घटना।
• प्यास बहुत ज्यादा लगना।
• कमजोरी अथवा थकान होना।
विशिष्ट रोकथाम
• रक्त में शर्करा की मात्रा कम करता है।
• इन्सुलिन के स्तर में सुधार करता है।
• मधुमेह रोग का अच्छा नियंत्रक है।
• हृदय संबंधी रोगों से बचाता है।
याद रखें : अपने रक्तचाप व रक्त में शर्करा की जाँच अपने निकटस्थ चिकित्सा सुविधा केन्द्र पर जरूर कराते रहें, मधुमेह बीमारी प्रमाणित होने पर नियमित दवाई लेने के साथ-साथ नियमित दिनचर्या का पालन करें।
स्वस्थ आदतें... स्वथ्य जीवन... स्वस्थ भारत
विनीत : खंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, धनेलीकन्हार, जिला कांकेर










संकलनकर्ता : अभिषेक पाण्डेय, संवाददाता, भानुप्रतापपुर मो. 9407909500, 9770004148













संकलनकर्ता:- प्रवण मंडल, हरिभूमि संवाददाता पखांजुर, मो.: 9406404179


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा हम बुलबुले हैं इसकी
यह गुलसिता हमारा, भारत माता की जय,
वंदे मातरम।
सत्यमेव जयते
छत्तीसगढ़ पुलिस
2000
परित्राणाय साधुनाम्
विनीत : जिला पुलिस, उत्तर बस्तर कांकेर (छत्तीसगढ़)


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
15 अगस्त
सारे जहाँ से अच्छा,
हिन्दोस्तां हमारा
हम बुलबुलें हैं इसकी,
यह गुलिसतां हमारा
मा. किरण नरेटी
अध्यक्ष
जिला पंचायत कांकेर
मा. तारा ठाकुर
उपाध्यक्ष
जिला पंचायत कांकेर
विनीत : जिला पंचायत परिवार कांकेर एवं जनपद पंचायत कांकेर, नरहरपुर,
चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, दुर्गूकोंदल एवं कोयलीबेड़ा